हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 8 फरवरी 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# मधुसूदन का 51 वार्ड में दौरा पूरा, निखिल का 15 वार्ड शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर चुनाव के मैदान में उतरे भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी हर मतदाता तक पहुंचने के लिए रोजाना ही आधा दर्जन वार्डों का दौरा कर रहे हैं, जहां भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन यादव का शुक्रवार को सभी 51 वार्ड का दौरा पूरा हो चुका है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी निखिल द्विवेदी का अब भी 15 वार्डों में पहुंचना शेष रह गया है। वहीं दोनों ही प्रत्याशियों के लिए वरिष्ठ नेताओं द्वारा सभाएं भी ली जा रही है। दोनों दलों में अब तक वरिष्ठ नेताओं की लगभग सात-सात जनसभाएं आयोजित की जा चुकी है। जिसमें दो पूर्व सीएम ने जनता से अपनी-अपनी पार्टी के लिए वोट मांगा है। वहीं अब अंतिम दो दिन के लिए भी विशेष प्रचार का प्लान तैयार किया जा रहा है।

## दोनों पार्टियों ने प्रचार में झोंकी ताकत, दो पूर्व सीएम ने भी मतदाताओं से मांगा जनसमर्थन





### इन नेताओं ने ली अब तक जनसभाएं

भाजपा के लिए अब तक सीएम विष्णुदेव साय, विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम अरुण साव, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, अनुज शर्मा जैसे नेताओं ने सभाएं ली है। वहीं आज भी वरिष्ठ नेता शहर के मध्य जनसंपर्क करेंगे।

कांग्रेस के लिए पूर्व सीएम भूपेश बघेल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, गिरीश देवांगन जैसे नेताओं ने सभाएं ली है। वहीं कल 9 को शहर के मध्य इलाकों में जनसंपर्क अभियान में वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

## 11 फरवरी को होगा मतदान

# प्रचार के अंतिम दो दिन शेष, 9 की रात दस बजे थमेगा चुनावी शोरगुल

**राजनांदगांव।** नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पिछले डेढ़ सप्ताह से जारी चुनावी शोरगुल 9 फरवरी की रात दस बजे थम जाएगा। 11 को होने वाले मतदान से पहले प्रत्याशियों के पास गाजे-बाजे के साथ जनता से वोट मांगने का अंतिम दो दिन शेष रह गया है। ऐसे में सभी प्रत्याशी भी इन दो दिनों का पूरा उपयोग करने में जुट गए हैं। लगभग वार्ड में आज और कल न केवल भाजपा और कांग्रेस, बल्कि निर्दलीय भी रैली निकालने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि 10 को भी दिनभर डोर-टू-डोर जनसंपर्क का काम प्रत्याशी कर सकेंगे।




उल्लेखनीय है कि इस बार के निकाय चुनाव में बड़ी संख्या में बागी होकर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे नेताओं की वजह से समीकरण दिलचस्प हो गया है। शहर में ही तीन दर्जन से अधिक वार्ड में जीत-हार का अंतर निर्दलियों से बिगड़ता नजर आ रहा है। वहीं आधा दर्जन से अधिक वार्ड ऐसे भी है, जहां राजनीतिक दलों के मुकाबले निर्दलीय भारी हैं। यही कारण है कि आज और कल दो दिनों में भाजपा और कांग्रेस भी अपना पूरा जोर प्रचार में लगाने वाली है। शीर्ष नेताओं की सभा, रोड-शो के साथ ही लोगों के बीच लेकर जाने की योजना तैयार कराई जा रही है।

### मैदान में 176 प्रत्याशी

नगर निगम 51 वार्डों में भाजपा, कांग्रेस के साथ ही आप, बसपा जैसी रजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशी भी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। कुल 51 वार्ड में 176 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे हैं। इनमें सर्वाधिक 9 प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 39 में शामिल हैं। ऐसे में सभी वार्ड में चुनाव का जोरदार माहौल भी देखने को मिल रहा है। कल रात दस बजे प्रचार थमने से पहले सभी अपने मतदाताओं तक पहुंचने की कवायद में जुट गए हैं।

### 9 घंटे चलेगा मतदान

इधर प्रचार में जुटे राजनीतिक दलों के साथ ही निवार्चन आयोग भी मतदान की तैयारियों में जुट गया है। आगामी 11 फरवरी को जिले के पांच नगरीय निकाय में बनाए गए 235 मतदान केंद्रों में सुबह आठ बजे से मतदान शुरू हो जाएगा। मतदान की प्रक्रिया पूरे 9 घंटे तक चलेगी। शाम पांच बजे तक केंद्र पहुंचने वाले मतदाताओं को वोट डालने दिया जाएगा। वहीं मतगणना का काम आगामी 15 फरवरी को सुबह 9 बजे से प्रारंभ किया जाएगा।

## ढाई माह चली सरकारी खरीदी के बाद किसानों को एकमुश्त मिली राशि

# चुनावी दौर में पहुंची अंतरण की राशि, चार जिलों के साढ़े तीन लाख किसान को मिले 1581 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ढाई महीने तक चली सरकारी धान खरीदी की प्रक्रिया के दौरान उपज बेचने वाले किसानों को अंतर की राशि भी जारी कर दी गई है। नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के इस दौर में प्रदेश सरकार ने राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़ और मोहला-मानपुर जिले को मिलाकर करीब साढ़े तीन लाख किसानों के खाते में 1581 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। ज्ञात हो कि इन चार जिलों में 195 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई थी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में 14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी पिछले 31 जनवरी तक जारी रही। इस दौरान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अंतर्गत आने वाले चार जिले में 3.51 लाख किसानों ने सरकार को 195 लाख क्विंटल धान बेचा है। किसानों को धान बेचने के बाद केंद्र सरकार द्वारा तय समर्थन मूल्य के अनुसार प्रति क्विंटल 2400 रुपए का भुगतान किया जा रहा था। जबकि प्रदेश सरकार के वादे अनुसार प्रति क्विंटल 31 सौ का भुगतान होना है। ऐसे में अंतर की प्रति क्विंटल सात सौ रुपए की राशि का भुगतान शुक्रवार देर रात कर दिया गया है। जानकार सूत्रों का मानना है कि प्रदेश सरकार इसका लाभ आगामी दिनों होने वाले नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में लेना चाहती है। यही कारण है कि इस समय राशि भेजी गई है।





### खाते में जारी की राशि

भाजपा सरकार द्वारा किसानों से जो वायदे किए गए थे, उसे लगातार पूरा किया जा रहा है। किसानों के खाते में अंतरण की राशि को जारी कर दिया गया है।
- **सचिन बघेल**, अध्यक्ष, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक

### पौने 13 सौ करोड़ की वसूली

खरीफ सीजन में खेती के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से ऋण लेने वाले किसानों से लिंकिंग के जरिये वसूली भी की गई है। बैंक के अंतर्गत आने वाले चार जिलों में कुल 1276.71 करोड़ रुपए किसानों से लिंकिंग के जरिये लिए गए हैं। जबकि खरीफ सीजन के लिए 1470 करोड़ रुपए का ऋण वितरण किया गया था। कवर्धा जिले में सर्वाधिक 439.29 करोड़ किसानों से वसूला गया है। ऐसे ही राजनांदगांव जिले में 422.89 करोड़, खैरागढ़ जिले में 290.56 करोड़ और मोहला-मानपुर जिले में 123.97 करोड़ की कर्ज वसूली की गई है।

### अगले 17 दिनों में शहरी और ग्रामीण चुनाव

ज्ञात हो कि इन सभी चार जिलों में नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत अगले 17 दिनों में चुनाव होने हैं। ऐसे में किसानों को अंतर की राशि जारी कर प्रदेश सरकार ने बड़ा दांव चल दिया है। मिली जानकारी के अनुसार आज-कल में महतारी वंदन योजना की राशि भी महिलाओं को जारी कर दी जाएगी। इन दो बड़ी योजनाओं के भरोसे सरकार शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक जीत ढूंढ रही है।

### छह हजार करोड़ का धान खरीदा

राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़ और मोहला-मानपुर जिले में 351279 किसानों ने 1.95 करोड़ क्विंटल धान सरकार को बेचा है। इसके एवज में सरकार ने किसानों को प्रति क्विंटल 31 सौ की दर से 6.04 हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया है। इनमें भी सबसे अधिक धान की खरीदी नांदगांव जिले में हुई है। यहां 70.14 लाख क्विंटल, कवर्धा जिले में 64.93 लाख क्विंटल, खैरागढ़ जिले में 40.37 लाख क्विंटल और मोहला-मानपुर जिले में 22.20 लाख क्विंटल धान खरीदा गया है।

### राशि निकालने लगेगी भीड़

अंतर की राशि किसानों के खाते में पहुंचने के बाद अब उसे निकालने के लिए बैंकों के बाहर भीड़ देखने को मिलेगी। हालांकि बैंक प्रबंधन किसानों को अधिक से अधिक एटीएम का उपयोग करने की सलाह देता रहा है, लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में किसान बैंक की शाखाओं में आकर ही पैसे निकालते रहे हैं। ऐसे में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने सभी शाखाओं में किसानों के लिए व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं।

# खैरागढ़ जिले में बाघ ने किया मवेशी का शिकार

## भावे-मलैदा इलाके की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

खैरागढ़ जिले के अंदरूनी क्षेत्र भावे-मलैदा के जंगल में बाघ ने मवेशी का शिकार किया है। इस इलाके में लगातार बाघ की चहलकदमी हो रही है। वन महकमे की अलग-अलग टीमें बाघ के हर मूवमेंट पर नजर रखी हुई है। खैरागढ़ डीएफओ आलोक तिवारी ने बाघ द्वारा मवेशी का शिकार करने की पुष्टि की है। उनका कहना है कि बाघ की जिले में मौजूदगी बनी हुई है।

बताया जा रहा है कि यही बाघ पिछले दिनों डोंगरगढ़ वन परिक्षेत्र में भी मौजूद था। इसके बाद से लगातार वह जंगल में मूवमेंट कर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि बाघ कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान से जिले के जंगल में दाखिल हुआ है। वह एक कारीडोर बनाकर वापसी का रास्ता ढूंढ रहा है। वन अफसरों का मानना है कि बाघ की सुरक्षा को लेकर खास निगरानी की जा रही है। शिकारियों से बाघ को खतरा भी है।

**ग्रामीणों में दहशत**

भावे और मलैदा इलाके में बाघ की लगातार चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत की स्थिति निर्मित हो गई है। हालात यह है कि गांवों में सुबह से ही सन्नाटा पसर रहा है। पंचायत चुनाव के दौर में इस इलाके में बाघ की चहलकदमी से प्रत्याशी भी दौरा करने में हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।

### गांवों में मुनादी

बताया जा रहा है कि वन अफसर बाघ के लोकेशन को सार्वजनिक नहीं कर रहे हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि जंगल में वह लगातार चलते हुए आगे बढ़ रहा है। मलैदा और भावे का जंगल काफी घना है। वन अमले ने अंदरूनी गांवों में मुनादी भी करा दी है। लोगों को आवाजाही के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी जा है।

## चोरी के पैसे से घूमने गए थे कुंभ मेला, सभी पकड़ाए

# शो-रूम की दीवार फोड़कर 7 लाख की चोरी, कर्मी सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के गगन मोटर्स-शो रूम के दीवार को फोड़कर चोर भीतर प्रवेश किए और यहां रखे नगदी रकम 7 लाख रुपए को ले उड़े थे। रिपोर्ट पर पुलिस सरगर्मी से आरोपियों का सुराग लगाने जुटी हुई थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 25 जनवरी की रात्रि में प्रार्थी गुलजीत सिंह छाबड़ा 50 साल निवासी खंडुपारा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि डोंगरगढ़ स्थित गगन मोटर्स-शो रूम के पीछे दरवाजा के पास दीवार को खोदकर दरवाजे की सिटकनी खोलकर कोई अज्ञात चोर शो-रूम में रखे नगदी रकम लगभग 700000 रुपए को चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा- 331(4), 305(ए) बीएनएस दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण में आरोपियों को पकड़ने गठित पुलिस टीम द्वारा लगातार 11 दिनों तक सूक्ष्मता से लगभग 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाले, जिस पर इंदिरा नगर डोंगरगढ़ निवासी आकाश लाउत्रे, शाहिद खान, रितेश एवं दो विधि से संघर्षरत बालक का हरकत घटना की रात्रि में संदिग्ध लगने पर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर पता चला कि गगन मोटर्स शो-रूम में काम करने वाले आरोपी रितेश उके, जो 25 जनवरी को शो-रूम के ड्राज में बड़ा रकम होने का अंदेशा था, तब रितेश उके अपने दोस्त शाहिद एवं आकाश लाउत्रे को शो-रूम में पैसा रखे होने के संबंध में बताया और तीनों मिलकर चोरी करने का प्लान बनाए। उसके बाद यह बात दो विधि से संघर्षरत बालक को भी बताए। दोनों विधि से संघर्षरत बालक भी चोरी करने तैयार हो गए। सभी अपने योजना मुताबिक गगन मोटर्स शो-रूम के पीछे दरवाजा के पास दीवार क्रांकिट को खोदकर सिटकनी को निकालकर शो-रूम में रखे पैसा को चोरी किए। चोरी करने के बाद पैसा को आपस में बांटकर कुंभ मेला प्रयागराज गए, बाद नागपुर आकर चोरी के पैसा से शराब नशाखोरी, खाने-पीने एवं अयाशी में खर्च करना बताए।

**चोरी की रकम बरामद :** पुलिस ने आरोपी आकाश लाउत्रे 24 साल, शाहिद खान 27 साल, रितेश उके 36 साल सभी निवासी इंदिरा नगर एवं दो विधि से संघर्षरत बालक से चोरी के शेष रकम कुल 473000 रुपए को बरामद किया गया है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त स्कूटी वाहन, एक नग लोहे का रॉड व 5 नग मोबाइल को जब्त किया गया है। बाद आरोपीगण को गिरफ्तार एवं विधि से संघर्षरत बालक के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई किया गया है, जिसे माननीय न्यायालय में पेश कर आरोपीगण को न्यायिक अभिरक्षा एवं विधि से संघर्षरत बालक को संरक्षणात्क अभिरक्षा में भेजी गई है।

## पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी वार्ड में दिलचस्प हुआ माहौल

# सुर्खियों में वार्ड क्रमांक चार का चुनाव यहां चार प्रत्याशी, सभी रह चुके पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के वार्ड नंबर 4 का चुनावी मुकाबला यहां चौकोणी नजर आ रहा है। यहां से पार्षद बनने के लिए चार उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। खास बात यह है कि यह चारों प्रत्याशी पूर्व पार्षद हैं। चारों की अपनी क्षेत्र में अच्छी पकड़ है। इसमें दिलचस्प यह है कि चार पूर्व पार्षद के इस चुनाव में एक पार्षद कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय लड़ रहे हैं। वहीं एक पार्षद भारतीय जनता पार्टी से बागी होकर निर्दलीय चुनाव मैदान में है।

**एक कांग्रेस के और एक भाजपा के बागी :** वार्ड नंबर 4 पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी वार्ड, शांतिनगर, नया ढाबा क्षेत्र से चुनाव मैदान में केवल चार ही पार्षद प्रत्याशी हैं। इसमें पूर्व पार्षद सुनील रामटेक कांग्रेस से वर्तमान प्रत्याशी है। वहीं पूर्व पार्षद श्यामराव सुखदेव भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी हैं। भारतीय जनता पार्टी से बागी होकर पूर्व पार्षद राजू टंडन आरी छाप से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं वर्तमान पार्षद रही बैनाबाई तुर्राहटे कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में बल्ला छाप से चुनाव मैदान में है। वार्ड में सुबह से शाम तक बाजे-गाजे, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का शोरगुल का माहौल बना हुआ है।

### कार्यों के आधार पर चयन

चुनाव लड़ रहे चार पूर्व पार्षद अपनी-अपनी जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। सभी का कहना है कि उनके किए गए कार्यों के आधार पर जनता उन्हें अपना मत देगी।

### पेयजल सबसे बड़ी समस्या

इस वार्ड में सबसे बड़ी समस्या पेयजल को लेकर है। दूरस्थ वार्ड होने के चलते यहां पेयजल लोगों को नहीं मिल पाता है। लगभग तीन-चार वर्षों से लोग यहां पानी के लिए चक्काजाम करते हैं। इस वार्ड में पेयजल की आपूर्ति अब भी पानी टैंकर के भरोसे होती है।

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥

अंतिम अरदास



सतपाल कौर भाटिया
(1954-2025)

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतपाल कौर भाटिया धर्मपत्नि अमोलक सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 03 फरवरी 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 09 फरवरी 2025 को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंग सभा दयालबंद, बिलासपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।

कीर्तन एवं अंतिम अरदास
09 फरवरी 2025 सुबह 11:15 बजे से 01:30 बजे दोपहर
गुरुद्वारा श्री गुरु सिंग सभा दयालबंद, बिलासपुर (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)

शोकाकुल परिवार :-अमोलक सिंह भाटिया (पति)
महेन्द्र सिंह भाटिया, गुरमित सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया), गुरविंदर सिंह भाटिया-सुमित कौर भाटिया (सुम्मी), तेजिंदर सिंह भाटिया (सोना)-रश्मित कौर भाटिया (रश्मि), दलजीत सिंह भाटिया (बबलू)-नीशु भाटिया, परमवीर सिंह भाटिया-जसलीन कौर भाटिया (पुत्र-पुत्रवधु)
समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)
नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।
J.J.Ad

## खबर संक्षेप



### शिशु मंदिर में विद्यारंभ संस्कार का आयोजन

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई में बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या आरंभ संस्कार कराया गया जिसमें 26 भैया बहनों को प्रवेश देकर पट्टी पूजन प्रधानआचार्य आशा राम पटेल ने कराया। इस अवसर पर व्यवस्थापक पूरन लाल पटेल, माखन पटेल, भुवन दास वर्मा, क्षत्री वर्मा एवं पालक उपस्थित थे। सरस्वती वंदना एवं शिशु गीत बहनों ने प्रस्तुत किया। आयोजन में शिशु वाटिका प्रभारी पूर्णिमा, अनिता देशमुख आदि ने अपना सहयोग दिया।

### बीएससी की संपर्क क्लास आज से

**डोंगरगांव।** स्थानीय अम्बेडकर महाविद्यालय के प्राईवेट विद्यार्थियों के लिए प्रायोगिक संपर्क कक्षा का आयोजन कल 8 से 12 फरवरी तक किया गया है। संपर्क में बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र तथा रसायन शास्त्र के प्राईवेट, भूतपूर्व छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। सभी परीक्षार्थी का निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है।

### गणित ओलंपियाड में हिमांशु को प्रथम रैंक

**सड़क अतरिया।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा



आयोजित मैथेमेटिक्स ओलंपियाड में हिमांशु जंघेल ने प्रथम रैंक प्राप्त किया। इसी तरह राष्ट्रीय स्तर पर भी उसने प्रथम रैंक प्राप्त किया। उन्हे गोल्डन अवार्ड से सम्मानित किया गया। हिमांशु सड़क अतरिया की शिक्षिका पेमीन भागवत जंघेल का पुत्र है। वह भिलाई स्थित शकुंतला विद्यालय में कक्षा 12 वीं गणित का छात्र है।

### कपड़ा रंगाई की तकनीक पर कार्यशाला



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं के लिए प्रिंटिंग, टाई एवं डाई पर 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रेवती ने छात्राओं को पीएम उषा योजना के उद्देश्यों एवं होने वाले लाभ की जानकारी दी। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आशा चौधरी ने कार्यशाला को लाभदायक बताया। मुख्य वक्ता गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष नीलम चतुर्वेदानी ने कपड़ा रंगाई का उदभव, रंग बनाना, वस्त्र रंगाई के प्रकार आदि की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान सिक्का, चना आदि बांधकर विभिन्न आकृतियों में कपड़ों को रंगा गया। इस अवसर पर डॉ. नीता राजपूत, एवलाल मेश्राम, डॉ. सपना परिहार, शैलेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

### संगीत सरिता आज

**डोंगरगढ़।** विकल्प एक प्रयास संस्था के माध्यम के मनोज गुप्ता ने जन सहयोग से सफाई कर्मियों के सम्मान में 8 फरवरी को संगीत भरी शाम में संगीत सरिता राजनांदगांव का आयोजन किया। आगामी 9 फरवरी को राजनांदगांव के कलाकारों द्वारा सरबजीत नाटक का मंचन किया जाएगा। यह कार्यक्रम में रात्रि 8 बजे से शहीद भगत सिंह चौक में रखा गया है।

### मानस सम्मेलन आज से

**सड़क चिरचारी।** ग्राम चारभांठा में कल 8 एवं 9 फरवरी को श्री रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। आगामी 10 फरवरी को मंडई मेला रखा गया है। ग्रामीणों ने आसपास के ग्रामीणों से शामिल होने का आव्हान किया है।

## गांव की सरकार के लिए बढ़ी चुनावी सरगर्मी, चिन्ह आबंटित, अब प्रचार में जुटेंगे प्रत्याशी

# दलों का समीकरण बिगाड़ने चुनाव मैदान में उतरे भाजपा-कांग्रेस के बागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

विकासखंड के अधीन आने वाले चार जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के अलावा दोनों दलों के बागी भी चुनावी समर में हैं। इन क्षेत्रों में सीधा मुकाबला होने के आसार है। दो क्षेत्रों में भाजपा कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला है।

जिला पंचायत के क्षेत्र क्र. 12 गैंदाटोला में भाजपा से अधिकृत किरण वैष्णव चुनाव लड़ रही है वहीं भाजपा की बागी पूर्व जिपं सदस्य किरण साहू एवं हिरेन्द्र साहू भी मैदान में है। इसी प्रकार कांग्रेस ने नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा को प्रत्याशी बनाया है। पूर्व जनपद अध्यक्ष नेहरूराम साहू का पुत्र कोलेश्वर साहू ने भी बगावत करते हुए चुनाव लड़ना तय कर लिया है। वहीं जिला कांग्रेस के महामंत्री चुम्मन साहू ने विरोध करते हुए अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इस क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने वाले प्रकाश शर्मा ने नाम वापस ले लिया है। गैंदाटोला क्षेत्र में नौ प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इसी प्रकार टिकट वितरण से खफा होकर जिला पंचायत सदस्य कांति भंडारी दूसरी बार जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 13 कुमर्दा से चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने गोपाल भुआर्य को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस से विधायक के पसंदीदा प्रताप धावड़े को अधिकृत किया है।






### दो क्षेत्र में सीधा मुकाबला

जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 10 घोरतलाब से जिला पंचायत सदस्य रामछत्रीय चंद्रवंशी पर तीसरी बार भरोसा जताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी बनाया है। वहीं भाजपा ने नए चेहरे पर दांव खेला है। यहां से अनिता चंद्रवंशी को प्रत्याशी बनाया है। जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 11 बम्हनी में भी भाजपा कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है। यहां कांग्रेस ने अश्वनी मंडलोई, भाजपा से पिंगलाबाई प्रत्याशी है।

### जनपद के 25 क्षेत्रों में 113 प्रत्याशी, 960 पंच हुए निर्विरोध निर्वाचित

**छुरिया।** नाम वापसी के बाद ब्लाक में जनपद सदस्य, सरपंच, पंच पद के चुनाव की तस्वीर साफ हो गई है। इस बार विभिन्न पदों के लिए रिकार्ड लोग उम्मीदवार बने है। नाम वापसी के बाद शाम तक रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार विजय कोठारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जनपद सीईओ होरी लाल साहू ने प्रतीक चिन्ह आबंटित किया। जानकारी के अनुसार चार अभ्यर्थियों ने नाम वापस लिया है। अब 25 सदस्यों के लिए 113 प्रत्याशी मैदान में हैं। ब्लाक की 118 ग्राम पंचायतों में एक ग्राम पंचायत मरकाकसा में सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुआ है। अब 117 पंचायतों में सरपंच पद के लिए 427 प्रत्याशी शेष हैं। ब्लाक में 1521 पंच के पद है जिसमें तीन पंचायत में चुनाव लड़ने के लिए किसी भी अभ्यर्थी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। पंच के 1518 पद में से 960 पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। अब 558 पदों के लिए मतदान होगा।




### जिपं सदस्य बनने 60 ने भरा पर्चा

**मोहला।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत के 10 निर्वाचन क्षेत्र के लिए 60 अभ्यर्थियों ने 78 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया है। किसी का भी नाम निर्देशन पत्र खारिज नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र क्रमांक 1 चिल्हाटी से अंजिता टेंभुरकर, गायत्री लाडेश्वर, कुमारी संघमित्रा धारगावे, संतोषी लाऊत्रे, शांतिबाई त्रिपुरे, श्वेता उमरे, क्षेत्र क्रमांक 2 आमाटोला से अनिला लाडेश्वर, कोमिन हुमन नागेश्वर, लक्ष्मी नेताम, ममता साहू, शेशवरी धुर्वे, तीजनबाई मानिकपुरी, क्षेत्र क्रमांक 3 बांधाबाजार से अरुण यादव, चैतराम सिन्हा, चंद्रेश राय, धरमपाल सुखदेवे, डॉ होरीलाल यादव, किशोर जुरेशिया, कुंभलाल साहू, मुस्ताक अतीक, नेहरूराम रजक, पन्नालाल मेश्राम, रामाधार हिरवानी, रमेश खंडेलवाल, मो शफी मेमन, मो सलीम मेमन, सतीश चंदेले, क्षेत्र क्रमांक 4 कौड़ीकसा से अरुण गोआर्य, कुंजाम सुधा शाह, रोशनी साहू, सविता सोरी, सुनीता पांडेय, क्षेत्र क्रमांक 5 वासड़ी से वीरेंद्र मसिया, डोमिन भुआर्य, डुमेश्वर तराम, खोरबाहरा कोरेटी, नरसिंह भंडारी, नोहरू राम कुमेटी, रूपसिंह धुर्वे एवं साधुराम नेताम ने नामांकन दाखिल किया है।

### नम्रता के खिलाफ तीन शकुंतला

इसी प्रकार क्षेत्र क्रमांक 6 मोहला से नम्रता सिंह, शकुंतला, शकुंतला नेताम एवं शकुंतला नेताम, क्षेत्र क्रमांक 7 गोटाटोला से हिंसाराम सहारे, इंद्रासन पिस्दा, लखनलाल कलामे, बीएस पाटिल, क्षेत्र क्रमांक 8 औंधी से भोजेश शाह मंडावी, भुवनेश्वर, दिनेश शाह मंडावी, गोविंद शाह वालको, क्षेत्र क्रमांक 9 मानपुर से राधिका अंधेरे, सुशीला भंडारी, उत्तराबाई दर्रो और क्षेत्र क्रमांक 10 खडगांव से अनिता कोर्राम, कथादेवी नेताम, कविता राणा, महावती कोमरे एवं रेखा बाई कोठारी ने नामांकन दाखिल किया है।

# जनपद के अभ्यर्थियों को मिला चुनाव चिन्ह



**डोंगरगांव।** त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की चुनाव प्रक्रिया के तहत गुरूवार को नाम वापसी के बाद अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया। स्थानीय जनपद पंचायत परिसर में तहसीलदार और रिर्टनिंग अधिकारी पीएल नाग, सहायक रिर्टनिंग अधिकारी झरना राजपूत, रौशनी भगत की मौजूदगी में नाम चुनाव चिन्ह आबंटन की प्रक्रिया पूरा किया गया।

जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक एक बांकल में पार्वती सतनामी, सावित्री बंजारे, सरस्वती मारकंडे, गौरी भारती, लेवन लाऊत्रे, क्षेत्र दो तुमड़ीबोड़ में राधिका साहू, सरिता मदन साहू, लक्ष्मीबाई साहू, भारती वर्मा, क्षेत्र तीन कोहका ढाबा में सुशीला निषाद, जया साहू, क्षेत्र 4 घोरदा में राजेंद्र गुप्ता, भेलष साहू, टीकम साहू, उमेश साहू, क्षेत्र 5 मचानपार में पुनेश्वर जोशी, द्वारिका टंडन, नेतराम देशलहरे, मीनाक्षी देशलहरे, आत्माराम रात्रे, कुंभदास जोशी, दौवा नारंग, क्षेत्र 6 मारगांव में सहदेव सिन्हा, भागवत सिन्हा, कुमान सिंह नेताम, जागेश्वर यादव, कोठारी सर, क्षेत्र 7 दीवानभेड़ी में चंद्रिका सोनकर, ममता पटेल, रानू सिन्हा, क्षेत्र 8 मनेरी में ईश्वरी साहू, नरबदबाई गंगासागर, हेमिनबाई नेताम, तुलेश्वरी गोंड, विवेक मांडवी, क्षेत्र 9 आरी में चित्ररेखा साहू, कुमारी साहू, मोनिका साहू, शोभना पटेल, क्षेत्र 10 माथलडबरी में सरस्वती गायकवाड़, हेमिन पटेल, हरिलाबाई मैदान में है।

### कहीं सीधा तो कहीं त्रिकोणीय मुकाबला

इसी प्रकार निर्वाचन क्षेत्र 11 खुज्जी में अक्षय देवांगन, रवि साहू, वामनदास साहू, क्षेत्र 12 खुर्सीपार में दीबिका साहू, गेंदाबाई, क्षेत्र 13 रुदगांव में पद्मिनी साहू, देवकुंवर बाई गंजीर, दीपकबाई, पूर्णिमा साहू, क्षेत्र 14 अर्जुनी में मोहनीश साहू, पुराणिक साहू, देवलाल साहू, रेशमलाल साहू, निमेश कुमार, क्षेत्र 15 रामपुर में माधुरी ठाकुर, दीनू यादव, मनीष साहू, अनिल सिन्हा, रूपेश साहू, क्षेत्र 16 मोखली में सुशीला साहू, रेशमा साहू, लीलाबाई, क्षेत्र 17 करमतरा में महेंद्र साहू, डुमनलाल साहू, राजेंद्र साहू, क्षेत्र 18 कोकपुर में ऐमनलाल, ताराचंद जैन, बीरेन्द्र साहू, रंजीता पड़ौती, क्षेत्र 19 तिलईरवार में कांति चन्द्रवंशी, शिवरात्रि चन्द्रवंशी, क्षेत्र 20 आसरा में लीला मंडावी, नर्मदा कंवर, अनिता पंचारी और कुमारबाई कंवर चुनाव लड़ रही है।

# पिंकी लोढ़ा ने दी गली कूचो में दस्तक



**डोंगरगांव।** नगर पंचायत चुनाव को लेकर शहर में इन दिनों रस्साकसी जारी है। निर्दलीय उम्मीदवार पिंकी ललित लोढा ने जनसंपर्क अभियान को गति देते हुए गली कूचो में जाकर मतदाताओं से मुलाकात किया।

उन्होंने अपनी बात रखने के साथ नागरिकों की समस्याओं और अपेक्षाओं को सुना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता का समर्थन मिला तो लोगों को समस्याओं से निजात दिलाने के साथ सुविधा मुहैया कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि वह व्यक्तिगत लाभ के लिए चुनाव नहीं लड़ रही हैं। उनकी इच्छा है कि शहर के लोगों को वह सारी सुविधाएं जिसके वह हकदार है। उन्होंने कहा कि वह शहर के बहू बनकर आई है और अध्यक्ष बनने के बाद अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तरह निर्वहन करेंगी। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष ललित लोढा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरूष और उनके समर्थक मौजूद थे।

### छात्रों को योग का प्रशिक्षण

**अर्जुनी।** संचालनालय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विभाग के निर्देशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत 27 से 31 जनवरी पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में माध्यमिक शाला परिसर में किया गया। शिविर प्रभारी डी मधु बछार एवं योग प्रशिक्षक अलखराम साहू ने योग, यौगिक जागिग, आसन, प्राणायाम आदि के बारे में जानकारी देते हुए अभ्यास कराया। इसी कड़ी में छात्रों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्रों को योग के महत्व एवं उपयोगिता की जानकारी देते हुए समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि हुकुमचंद जैन ने योग के महत्व एवं उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्रों को पुरस्कृत किया। जिला समाज कल्याण विभाग के बीएल ठाकुर एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डां. अंजना ठाकुर एवं सेवाभावी फनेन्द्र जैन, विभा दुबे, ज्योति तिवारी का सम्मान किया गया।

# सम्मेलन में शामिल हुए विदेशों के बौद्ध अनुयायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे धम्मसेना नायक आर्य नागार्जुन सुरई ससई की उपस्थिति में नवनिर्मित बुद्ध विहार में भगवान बुद्ध एवं डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर परित्राण पाठ किया गया। इस मौके पर दानदाताओं द्वारा प्रदत्त विशाल झूमर, भिलाई के रीराम टेम्भुरकर की ओर से प्रदत्त भगवान बुद्ध की बाल्यावस्था की मूर्ति का लोकार्पण हुआ। इस मौके पर देश विदेश के भदंत, भिक्षु एवं समिति के अध्यक्ष विनोद खांडेकर, बौद्ध विहार के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर, शैलेन्द्र डोंगरे, अनिल मेश्राम, अनिल सहारे, सुनील नागदौने, धीरज मेश्राम, किरण मेश्राम, अचरणदास चोखांद्रे, राजकुमार नंदेश्वर, सुरेश सहारे सहित अनेक उपासक-उपासिकाएं उपस्थित थे।



### बुद्ध प्रतिमा का लोकार्पण

बौद्ध सम्मेलन में पहुंचे जापान, थाईलैंड, भारत के भदंत, भिक्षुगण ने भगवान बुद्ध की विशाल प्रतिमा के समक्ष जापानी एवं पाली भाषा में परित्राण पाठ कर अमन चैन की कामना की। उन्होंने ऊंची पहाड़ी पर स्थित प्रतिमा के सूरज की पहली किरणों के साथ दर्शन को अलौकिक बताया। इस दौरान जापान के भदंत रयुफू फुजिसे, भदंत रयुसेई हटानो, रयुशी ताकागी, भदंत रयुकाई साकी, भदंत शिलानंद, भदंत नागसेन, भदंत डा. संघ घोष, भदंत आनंद, मासातोमो नागासाकी, भदंत धम्मप्रकाश, भदंत भीमा बोधी, मिका नागासाकी, मुत्सुको टोयामा, चिनत्सु करिगाने, मासायोशी टोकुरा, यशुहारु सासाकी, नाओमी सासाकी, कीजो मेकावा, भदंत कुमार कश्यप, भदंत नागानंद, भदंत महानमा, भदंत प्रज्ञाशील, भदंत प्रज्ञाबोधि, भदंत नागरत्न, भदंत आनंद बोधि सहित अन्य मौजूद थे।

# अघोषित बिजली कटौती से किसान परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ लालबहादुर नगर

अघोषित बिजली कटौती से परेशान रामाटोला के किसानों ने कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा बताया। रामाटोला, मानिकपुर, नरसिंगपुर, धनडोगरी, हीरापुर, मोतीपुर एवं आसपास के किसान इन दिनों बिजली कटौती से परेशान है। बिजली की अनियमित आपूर्ति से रबी फसल चौपट होने के कगार पर है जिससे किसान काफी चिंतित है। किसान कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपकर अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग की है। उन्होंने बिजली कटौती जारी रहने पर एकजुट होकर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कुलेश देवांगन, तारमचंद देवांगन, ज्ञानचंद वर्मा, रामशरण वर्मा, टीकाराम वर्मा, दुलेश्वर साहू, महावीर देवांगन, रजनलाल साहू, झलकू पटेल, भुनेश्वर वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



### आचार्यश्री विद्यासागर को भावांजलि

**डोंगरगांव।** चन्द्रगिरि तीर्थ में जैनाचार्य विद्यासागर महाराज के प्रथम समाधि महोत्सव में नगर के जैन समाज की महिलाओं ने अपनी भावांजलि प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में सारिका, दीपा, पुष्पलता, श्वेता, अंजली, शालनी, मंजू, सपना आदि ने हिस्सा लिया।

## पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

### श्रद्धा से मनी बसंत पंचमी

**जालबांधा।** नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के निर्देशन एवं संजय देवांगन के मार्गदर्शन में बसंत पंचमी मनाया गया। कार्यक्रम



की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना का पाठ किया। प्राचार्य डॉ गुप्ता ने बताया कि बसंत पंचमी को देवी सरस्वती की पूजा की जाती है जो ज्ञान, संगीत, कला और बुद्धिमता की देवी है। सहायक प्राध्यापक संजय देवांगन ने बताया कि यह पर्व एक प्राचीन हिंदू त्योहार है, जो बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन महेश साहू ने किया। कार्यक्रम में डॉ. नवीन राजपूत, रवि प्रकाश चतुर्वेदी, रितेश बंजारे, पूजा देवांगन, मोनिका सिन्हा, भारती साहू, मासूम वर्मा, नेमू साहू, हिरेंद्र साहू आदि शामिल हुए।

### बजट प्रस्ताव से मिलेगी आम आदमी को राहत



**सड़क अतरिया।** भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष ज्योति जंघेल ने केन्द्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि वित्त मंत्री सीतारमण ने अपने दायित्व का बेहतर निर्वहन करते हुऐ दुर्दशी बजट प्रस्तुत किया है। बजट से सभी वर्गों में आत्मनिर्भरता आएगी। बजट से मध्यम वर्ग को काफी फायदा मिलेगा जिससे उनकी जीवनशैली सुधरेगी। 12 लाख तक आमदनी वालों को कर मुक्त कर तथा बुजुर्गों को टैक्सी में रियायत देने से काफी फायदा होगा। इस बजट से किसान, मजदूर, गरीब को राहत मिलेगी।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतों की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मानस सम्मेलन आज से

**मेढ़ा।** ग्राम पंचायत पिनकापार में भारत दर्शन मानस प्रचार प्रसार समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से रामायण गायन वादन टीका सम्मेलन का आयोजन कल 8 और 9 फरवरी को शिव मंदिर प्रांगण में रखा गया है। दो दिनों विभिन्न मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। यहां जानकारी समिति के नोहर पटेल, धनेश सिन्हा ने दी।

### जहां राम कथा वही तीर्थ



**खुज्जी।** गोस्वामी तुलसी दास द्वारा रचित रामकथा से मुक्ति मिलती है। रामकथा कामधेनु के समान है जो भक्तों की मनोरथ पूर्ण करती है। यह बातें ब्रम्हचारी आश्रम में आयोजित रामकथा में शामिल होने पहुंचे चित्रकूट के मानस काग जी महाराज ने कही। उन्होंने रामचरित मानस पर व्याख्यान करते हुए रामकथा को तीर्थ बताते हुए कहा कि जहां राम की चर्चा होगी वहीं तीर्थ है वहीं प्रयाग जैसा कुंभ है। जानकारी के अनुसार श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में आगामी 11 फरवरी को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल होंगे।

### समीक्षा गोष्ठी आज

**डोंगरगांव।** शिवनाथ साहित्यधारा के तत्वावधान में कल 9 फरवरी को 11 बजे से पुस्तक समीक्षा गोष्ठी एवं काव्य पाठ का आयोजन रखा गया है। इस गोष्ठी में राजकुमार चौधरी की पुस्तक का के बधाई की समीक्षा साहित्यकार शंकर शरण खोब्रागढ़े, वीरेंद्र कुमार तिवारी, जितेन्द्र पटेल एवं एनेंद्र शर्मा द्वारा किया जाएगा। आयोजकों ने सभी साहित्य प्रेमियों, कलमकारों से उपस्थिति की अपील की है।

### कार्यकर्ताओं को किया चार्ज

**खैरागढ़।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को चार्ज करने नेता लगातार बैठके ले रहे है। चुनाव प्रभारी धम्मन साहू, जिला भाजपाध्यक्ष डॉ बिशेसर दास साहू सहित अन्य नेताओ ने जिपं क्षेत्र क्रमांक 6 सहित उसके अंतर्गत आने वाले तीन जनपद क्षेत्र क्रमांक एक, दो को लेकर पांडादाह और 11 को लेकर बैहाटोला मे बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को चार्ज किया। चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा बाद आवश्यक निर्देश दिया और कहा कि सभी जीत हासिल करने एकजुट होकर काम करे। बैठक बाद डबल इंजिन सरकार की उपलब्धियां बताते हुए मतदाताओं से मिले और भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों जिपं सदस्य दिनेश वर्मा, जनपद सदस्य सरस्वती यदु, डोमन वर्मा, राजेश्री त्रिपाठी और मंजू धुर्वे के समर्थन मे मतदान की अपील की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष कीर्ति वर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीलिमा गोस्वामी, प्रीति यादव, पुष्पा सिंदूर, मोनिका रजक, नीलम सिंह राजपूत, हर्षवर्धन वर्मा, पांडादहा मंडल अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा, उमेंद उके, मानिक टंडन, उदयदास मानिकपुरी, केजराम साहू, प्रेमलाल वर्मा, सुरेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

## जालबांधा पुलिस ने गस्त के दौरान तीन पेटी शराब की जब्त

# मतदाताओं को लुभाने मंगा रहे पड़ोसी राज्य से सस्ती शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

## चुनाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में डंप की जा रही शराब

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सुगबुगाहट के साथ ही मतदाताओं को लुभाने जिले में पड़ोसी राज्यों से बड़ी मात्रा में अवैध शराब आने की जानकारी मिल रही है। इसका प्रमाण भी जालबांधा चौकी पुलिस की उस कारवाई से सामने आया जब दो दिन पहले गश्त के दौरान सलोनी के दो युवक एक मोटरसाइकिल में तीन पेटी मप्र की शराब लेकर जा रहे थे।

पुलिस ने पकड़ा कड़ाई से पूछताछ में पता चला कि वो सोनभट्टा शराब ला रहे है। पुलिस ने दबिश दी तो वहॉ भी बारह पेटी गोवा ब्रांड मप्र निर्मित शराब मिली हालांकि मामले में चोकी पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ कारवाई की है, लेकिन सवाल यह उठता है कि गातापार जंगल नाका और साल्हेवारा सीमा क्षेत्र में थाना होने के बावजूद मप्र की शराब अवैध तरीके से गॉव-गॉव कैसे पहुंच रही है। पता चला है कि चुनाव की सुगबुगाहट के साथ ही मतदाताओं को लुभाकर अपने पक्ष में वातावरण तैयार करने प्रत्याशी जुगाड़ में लग गए थे और अवैध शराब के धंधे में शामिल लोगों के सपर्क में थे जिसके चलते मतदान के पंद्रह दिन पहले ही लगभग सारे प्रत्याशियों ने शराब डंप कर लिया है।



### बाजार अतरिया में बिक रही पड़ोसी राज्यों की शराब

ब्लाक के बाजार अतरिया में अवैध शराब की बिक्री से स्थानीय लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। प्रदेश के देशी शराब के अलावा एमपी और महाराष्ट्र से लाई गई शराब भी धड़ल्ले से बेची जा रही है जिसके इलाके का माहौल बिगड़ रहा है बल्कि यहां लोग असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। चुनाव को लेकर स्थिति और विकट हो गई है पहले लोगों को खरीदकर पीना पड़ता था, लेकिन अब प्रत्याशी के धर पहुंचने पर ही निःशुल्क शराब मिल रही है। नशे में धुत लोग सरे राह गाली-गलौच करते हैं खासकर शाम 6 से रात 10 बजे तक टपोरी किस्म के लड़कों का आतंक बढ़ जाता है। समस्या समाधान को लेकर पुलिस प्रशासन को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। यदि शाम के समय पुलिस की गश्त और पेट्रोलिंग बढ़ा दी जाए, तो अवैध शराब के कारोबार और गुंडागर्दी को नियंत्रित किया जा सकता है। साथ ही अवैध शराब के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तो इस समस्या पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है।

### चेकिंग में पकड़ाया तीन लाख से उपर का चांदी पायल

पंचायत चुनाव को देखते हुए पुलिस लगातार वाहनों की चेकिंग में लगी हुई है। मुतेड़ा नवागॉव में चेंद्री माता मंदिर पास वाहन चेकिंग के दौरान मप्र पासिंग गाड़ी महिंद्रा एमपी जेडए 3361 को रोकर तलाशी लेने पर डिक्की में कमाण्डो बैग में 8 नग नीले रंग के प्लास्टिक पन्नी में कुल 177 जोड़ी चांदी का पायल रखा मिला। गाड़ी में सवार अंशुल पिता दीपक तिवारी 32 साल निवासी गंजबसौदा जिला विदिशा मप्र द्वारा मोके पर गहनों को लेकर वैध दस्तावेज पेश नही करने पर कारवाई की गई है। पता चला है कि उक्त पायल भी पंचायत चुनाव में महिलाओं को अपने पक्ष में करने किसी प्रत्याशी द्वारा थोक में मंगाया गया है।

## सीजी पीएससी परीक्षा केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**खैरागढ़।** जिले में पहली दफे आयोजित होने वाले छग पीएससी प्रारंभिक परीक्षा को लेकर बनाए केंद्रों का कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर नियुक्त नोडल अधिकारी व एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू से सहायक नोडल अधिकारी, दोनों परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष सहित अन्य व्यवस्था के लिए नियुक्त संबंधित अधिकारियों की जानकारी ली।

दोनों परीक्षा केन्द्रों में मौजूद बुनियादी सुविधाओं की जानकारी लेकर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के दौरान सतर्कता, सावधानी बरतने के साथ ही आयोग द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने और परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।

गौरतलब है कि जिले मे पहली बार प्रारंभिक परीक्षा के लिए दग लोक सेवा आयोग द्वारा खैरागए. शहर मे दो परीक्षा केंद्र रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय और पीएमश्री पदुमलाल पुन्नालल बख्शी शासकीय आदर्श हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम स्कूल को निर्धारित किया गया हैं जहॉ 909 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इस दौरान नोडल अधिकारी व एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, सहायक नोडल प्रो जितेंद्र साखरे सहित स्कूल कॉलेज परीक्षा केंद्र के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्री मैट्रिक आदिवासी बालक आश्रम भी पहुंचे कलेक्टर

छग पीएससी प्रारंभिक परीक्षा केंद्रों के अवलोकन बाद कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने प्री मैट्रिक आदिवासी बालक आश्रम खैरागढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के शयनकक्ष, शौचालय, किचन, स्टोर रूम और परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। वही बच्चों से पढ़ाई को लेकर सवाल जवाब कर उनके बौद्धिक स्तर का मूल्यांकन किया। बच्चों के उत्साह और उनकी पढ़ाई के प्रति रुचि देखकर कलेक्टर ने शिक्षा व्यवस्था पर संतोष जताया। इस दौरान एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू मौजूद थे।

# लोगों को मिलेगा 24 घंटे साफ पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया




सांसद संतोष पांडे ने प्रचार अभियान के तहत 3 चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद वह ऐसे काम करेंगे जो कांग्रेस बीते 15 साल में नहीं कर सकी है। नाली ,बिजली, सीसी रोड ,पेयजल की व्यवस्था सहित अन्य सभी सुविधा मुहैया कराया जाएगा। नगर में शुद्ध पेय जल की व्यवस्था की जाएगी जिसके लिए सरकार ने 29 करोड़ स्वीकृत किया है। उन्होंने बताया कि नगर में 372 लोगों के मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन चुके है और 19 मकान निर्माणाधीन हैं। सभा का संचालन जगजीत सिंह भाटिया ने किया। इस मौके पर गीता साहू, सुरेंद्र सिंह भाटिया, राधेश्याम शर्मा, शेखर भारद्वाज, कांत साहू, अमीर खान, भुनेश्वर साहू, सतवंतसिंह भाटिया, सीमा सिन्हा, जगतु राम सिन्हा, सलमान खान, सुनील मालेकर, कामेश्वर यादव, छोटू देवांगन, बिंदु साहू, रुखसाना बानो, श्रीराम साहू, मनीषा यादव, टामेश्वर कुंभकार, दुर्गा कुंभकार, स्वप्निल पटेल, ओमप्रकाश साहू ,गौरी सिन्हा, सलूजा कोमरे, दानेश्वर मंडावी, भुषण नेताम आदि उपस्थित थे।

## जयपुर से पहुंचा 50 सदस्यीय जत्था, कामधेनु माता का लिया दर्शन लाभ

**खैरागढ़।** धरमपुरा वार्ड स्थित मनोहर गौशाला की ख्याति अब देशभर में पहुंचने लगी है। इसी का नतीजा है कि अब देश के अलग-अलग कोनों से लोग यहां पहुंचने लगे हैं। शुक्रवार को गौशाला मे जयपुर राजस्थान से विपिन नाहटा के नेतृत्व में तीर्थ यात्रियों को 50 सदस्यीय जत्था पहुंचा। मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ अखिल जैन ने बताया कि जयपुर से पहुंचे लोगों ने मनोहर गौशाला का घूम घूमकर



अवलोकन किया। यहां पाश्र्वनाथ भगवान के साथ ही कामधेनु माता के दर्शन कर इसे अलौकिक बताया। साथ ही पशु चिकित्सालय के अलावा तैयार किए गए जंगल का भ्रमण किया। जत्था ने संध्याकालीन भोजन जंगल में पेड़ों की छांव में किया। गौमूत्र, फसल अमृत के साथ ही गोबर से बनने वाले उत्पाद के संबंध में जानकारी ली और इस कार्य की भरपूर सराहना करते हुए वापस लौटे।

# चिन्ह आंबटन के साथ बढ़ी सरगर्मी

**घुमका।** अंचल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 17 फरवरी को होगा। नाम वापसी प्रक्रिया के बाद गत 6 फरवरी को अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिया है। विभिन्न पदों के प्रत्याशी चुनाव चिन्ह के साथ मैदान में आ गए हैं। जानकारी के अनुसार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 में भाजपा ने जनपद सदस्य किरण विनोद बारले को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने पहले बांसुला सरपंच वैजयंतीदेवी सांडे को प्रत्याशी बनाया था जिसे बाद में निरस्त कर दिया गया। इस क्षेत्र में अब कांग्रेस को कोई भी अधिकृत प्रत्याशी नहीं है। यहां से पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल की पत्नी मधु बघेल भी चुनाव लड़ रही है।

### सरपंच निर्विरोध निर्वाचित

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भैसातरा में अंजनी आशीष वर्मा को निर्विरोध सरपंच चुना गया है। यहां के 18 वार्डों में छह पंच भी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। जनपद क्षेत्र में तीन से अधिक प्रत्याशी हैं।

## अशोक अपनी टीम के साथ शामिल हुए कांग्रेस में



**गंडई पंडरिया।** वार्ड 15 निवासी अशोक टंडन शुक्रवार को अपनी टीम के साथ दिलीप ओगरे के नेतृत्व में लाल टारकेश्वर शाह खुसरो के निवास में जाकर कांग्रेस में प्रवेश किया है। श्री खुसरो ने उन्हे पार्टी का गमछा भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस प्रवेश किया है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष भिग्येश यादव, सतीष सिंघानिया, बांकेलाल वर्मा, पप्पू जगत, जयलाल कुर्रे सहित अन्य उपस्थित थे।






## दोनों ही दिन दर्शकों की उमड़ी भारी भीड़

# विवि में रंग महोत्सव में हयवदन व मंगरी की प्रस्तुति ने बांधा समा



### असम की महिला स्वतंत्रता सेनानी की कहानी

रंग महोत्सव के तीसरे दिन असम की पहली महिला स्वतंत्रता सेनानी मंगरी ओरंग पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। असमिया भाषा में हुई नाट्य प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी। मंगरी भारत के आजादी के आंदोलन की पहली शहीद महिला थी। वे आरंग सहयोग आंदोलन में अफीम के विरोधी अभियान की अग्रणी सदस्य थी। साल 1921 में शराबबंदी अभियान में स्वयंसेवकों का समर्थन करने के लिए उन्हें ट्रांग जिले के लाल माटी में ब्रिटिश सुरक्षा बलों ने मार डाला था। कार्यक्रम में जिला सत्र न्यायाधीश चंद्र कुमार कश्यप एवं कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल सहित अन्य अतिथिगण व संगीत विवि के स्टुडेंट्स उपस्थित थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारत रंग महोत्सव के दूसरे दिन इंदिरा कला संगीत विवि के प्रेक्षागृह में हयवदन और तीसरे दिन मंगरी नाटक की प्रस्तुति ने दर्शकों के बीच समां बांध दिया। नाट्य प्रस्तुति बंगला व असमिया भाषा में हुई हिंदी के अलावा अन्य भाषा में नाट्य प्रस्तुति होने के बाद भी दोनों ही दिन दर्शकों की भीड़ बनी रही। रंग महोत्सव के दूसरे दिन बंगला भाषा में गिरीश कर्नाड द्वारा लिखित और देवेश चट्टोपाध्याय के निर्देशन में हयवदन नाटक की प्रस्तुति हुई। हयवदन एक कालातीत कहानी है जो मानव स्वभाव की जटिलताओं, पहचान की तलाश और सामाजिक अपेक्षाओं की खोज करती है। यह नाटक दो दोस्तों की कहानी है जो एक ही महिला से प्यार करते हैं और गलती से उनके सिर बदल जाते हैं। यह एक घोड़े के सिर वाले व्यक्ति की कहानी भी बताती है जो इंसान बनना चाहता है। यह इस विचार पर आधारित है कि मनुष्य अपूर्ण है और इसलिये उसकी कई सीमाएं हैं। यह नाटक महिला मुक्ति से भी संबंधित है।

# ऑल इंडिया क्रिकेट स्पर्धा आज से, चौके-छक्के की आवाज से गूंजेगा स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रानी सूर्यमुखी देवी स्मृति अखिल भारतीय फ्लड लाईट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार आगाज 8 फरवरी से होगा। स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में शनिवार से चौके-छक्कों का रोमांच देखने को मिलेगा।

छग स्टेट क्रिकेट संघ के सहयोग से प्रतियोगिता के आयोजक जिला क्रिकेट एसोसिएशन की टूर्नामेंट को लेकर तैयारियां अंतिम चरणों में है। यह आयोजन का 19वां वर्ष है। इस आयोजनों से अप्रत्यक्ष रूप से नारी शक्ति जुड़ गई है। आयोजकों ने निर्णय लिया है कि इस स्पर्धा में मैदान का थीम सेव गर्ल चाईल्ड के लिए पिंक (गुलाबी) और छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25वें वर्ष के मद्देनज़र छत्तीसगढ़ महतारी पर बेस्ड होगा। चैम्पियनशिप के आयोजक स्टेडियम समिति, जिला क्रिकेट एसोसिएशन, राजधानी संपदा न्यास है। आयोजन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजन समिति के सदस्य समस्त तैयारी को अंतिम रूप दे चुके हैं। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि भारतवर्ष में अपनी मुक्कमल पहचान रखने वाली रानी सूर्यमुखी देवी स्मृति अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सीधा प्रसारण फैन कोड द्वारा देश-विदेश में क्रिकेटप्रेमी घर बैठे आयोजन के रोमांच का आनंद ले सकते हैं।

## आठ टीमें शामिल होंगी, दो पुल में बंटी टीमों में रोज लीग राउंड के दो मुकाबले खेले जाएंगे

### रूकने की उचित व्यवस्था

चैम्पियनशिप में 6 से 7 रणजी टीमों के आने के कारण रणजी ट्रॉफी की टीमों के प्रोटोकॉल के अनुसार स्टेडियम समिति के प्रभारी अधिकारी खेमलाल वर्मा के नेतृत्व में खिलाड़ियों के रूकने की उचित व्यवस्था एवं संस्कारधानी की प्रतिष्ठा के अनुरूप समस्त तैयारी को अंतिम रूप दिया गया है। इस प्रतियोगिता में शामिल हो रही टीमों में कई आईपीएल और प्रसिद्ध रणजी खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। जिससे प्रतियोगिता का रोमांच और भी बढ़ जाएगा।



### रोजाना दो मैच

श्री कोठारी ने कहा कि प्रतियोगिता में दो पुल में आठ टीमों को बांटा जाएगा। रोजाना 4.30 बजे और 8.30 बजे दो मैच खेले जाएंगे। उन्होंने जोर देते कहा कि मुकाबलों के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा और मैचेस समय पर ही शुरू होंगे।

### फाइनल 15 फरवरी को

प्रतियोगिता में विजेता टीम को स्व. गुलाब सिंह भाटिया की स्मृति में 5 लाख एवं आकर्षक ट्रॉफी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक बलदेव सिंह भाटिया द्वारा और उप विजेता को स्व. अब्दुल अजीज अली की स्मृति में 3 लाख का नगद पुरस्कार व आकर्षक ट्रॉफी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के ही संरक्षक बहादुर अली द्वारा प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए बीसीसीआई के पिच क्यूरेटर शमीम मिर्जा ने 3 पिच तैयार की है। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 15 फरवरी को खेला जाएगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी के नेतृत्व में संगठन के समस्त सदस्य लगातार हर व्यवस्था को सुचारू रूप से करने प्रयत्नशील है।

## नगर निगम चुनाव में कांग्रेस-भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की सभा

# रेलवे अंडरब्रिज का शीघ्र पूरा होगा निर्माण, चिखली ओवरब्रिज भी नया बनेगा: साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को चुनावी सभाओं में शहर को बड़ी सौगात देने की घोषणा की। सीएम साय ने कहा कि निर्माणाधीन रेलवे अंडरब्रिज का काम शीघ्र पूरा होगा और चिखली ओवरब्रिज को भी नए पैटर्न से बनाया जाएगा।

भाजपा महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव एवं शहर के विभिन्न पार्षदों के पक्ष में मतदान का आह्वान करने के लिए आज प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गौरीनगर, लखोली एवं तुलसीपुर में आयोजित सभा के माध्यम से अपनी बातें रखी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजनांदगांव के समुचित विकास के लिए डॉ. रमन सिंह को धन्यवाद देते कहा कि इस क्षेत्र की जनता का वह समुचित ध्यान रखते हैं। आज प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, अगर महापौर तथा पार्षद प्रत्याशी भाजपा का होगा तो ट्रिपल इंजन की सरकार में तेजी से विकास होगा। श्री साय ने कहा कि भाजपा के कार्य ही भाजपा की जीत का आधार होते हैं। विधानसभा चुनाव में मोदी गारंटी की सभी योजनाओं को हमने पूरा किया। विष्णुदेव साय ने गौरीनगर की सभा में कहा कि जल्द ही यहां की प्रमुख समस्या रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण तेज गति से किया जाएगा और चिखली ओवरब्रिज को नए तरीके से बनाया जाएगा।



### हर वार्ड की बदलेगी तस्वीर - रमन

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने जनता से हैट्रिक का आह्वान किया और कहा कि इस क्षेत्र की संवेदनशील जनता का वह हृदय से धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने एक कृतिमान स्थापित किया। कांग्रेस के भाचे, काका को भारी अंतर से हराकर रवाना किया, अब मधुसूदन यादव को सर्वाधिक लीड से जीतने की जवाबदारी राजनांदगांव की जनता की है। जिससे आने वाले समय में राजनांदगांव का संपूर्ण विकास प्रत्येक वार्ड में देखने को मिलेगा।

### पट्टाधारियों को मिलेगा भू-स्वामी अधिकार

श्री साय ने अटल विश्वास पात्र में नजूल भूमि में निवासरत पट्टाधारियों को भू-स्वामी का अधिकार दिया जाएगा। श्री साय ने सभी कल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताते कहा कि भाजपा ही क्षेत्र का विकास कर सकती है, इसलिए उन्होंने सभी पार्षद एवं महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव को आशीर्वाद देने का आह्वान किया।

# कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने पूर्व सीएम ने की चुनावी रैली

**राजनांदगांव।** चुनावी शोरगुल थमने को दो दिन बचे हैं, ऐसे में भाजपा और कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने के लिए शहर के चिखली-शांतिनगर और नंदई चौक में प्रचार- प्रसार करते हुए चुनावी सभा को संबोधित किया। चुनावी सभा के दौरान कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी निखिल द्विवेदी और अन्य वार्डों के पार्षद प्रत्याशी सहित कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### योजनाओं को बंद करने का आरोप

चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र और प्रदेश की सरकार को घेरा। इस दौरान उन्होंने कहा कि महापौर का कार्यकाल समाप्त होने से पहले ही चुनाव होता था। इस बार सही समय में चुनाव नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव नहीं करना चाहती थी। पांच साल के भीतर चुनाव करना अनिवार्य है।

### प्रत्याशी को बताया चला हुआ कारतूस

भूपेश बघेल ने चुनावी सभा के दौरान भारतीय जनता पार्टी से महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव को चला हुआ कारतूस बताया है। भूपेश बघेल ने कहा कि मधुसूदन यादव का क्रेज ऐसा नहीं है, जैसा पहले था। पहले और अब में काफी अंतर है।

### मतदाताओं से की अपील

महापौर प्रत्याशी निखिल द्विवेदी ने सभा को संबोधित करते कहा कि भाजपा के पास सिर्फ एक ही व्यक्ति हैं। उन्होंने कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी और अपने लिए मतदाताओं से मतदान करने की अपील की।

# भाजपा की आज शहर में विशाल जनसंपर्क रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा के महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव एवं पार्षद प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए कल 8 फरवरी को पार्टी संगठन की ओर से विशाल जनसम्पर्क रैली निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करेगी।

इस रैली में क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह व महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव के आलावा पार्षद प्रत्याशी व पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता एवं विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार जनसंपर्क रैली पार्टी के चुनाव कार्यालय लोहाणा महाजनवाड़ी से दोपहर 3 बजे प्रारंभ होगी, जो गायत्री मंदिर चौक से श्री श्याम मंदिर गली होते हुए रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक, भारतमाता चौक से कामठी लाइन, शनि मंदिर गली से गुड़ाखू लाइन, आजाद चौक से भारतमाता चौक, सदर बाजार, बसंतपुर थाना होते हुए बाल गोविंद चौक, दुर्गा चौक, दिग्विजय चौक ब्राम्हणपारा, गांधी चौक, मानव मंदिर चौक होते हुए गुरूद्वारा चौक पहुंचकर समाप्त होगी। इस रैली के प्रभारी जिला भाजपा के महामंत्री सौरभ कोठारी रहेंगे।




# शहर में महिलाओं के लिए होगी फ्री टैक्सी की व्यवस्था

## महापौर के निर्दलीय प्रत्याशी ठाकुर का जनसंपर्क

**राजनांदगांव।** शहर में निर्दलीय महापौर प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे राकेश कुमार ठाकुर का लगातार शहर के विभिन्न वार्डों में तूफानी जनसंपर्क शुरू हो गया है। वे मतदाताओं के बीच अपने चुनाव चिन्ह बांसुरी को लेकर आशीर्वाद मांग रहे हैं। जनता से उन्हें बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है।



निर्दलीय महापौर प्रत्याशी राकेश कुमार ठाकुर जिन्हें लोग दीया वाले बाबा के रूप में भी जानते हैं, वे निगम चुनाव में इन दिनों तूफानी प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। एक ओर जहां ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से मतदाताओं को अपने पक्ष में रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं लगातार जनता के बीच पहुंचकर वचन पत्र के माध्यम से शहर के विकास कार्य कराने का भी वादा कर रहे हैं।

### विकास व सुविधाओं के कई मुद्दों को लेकर मतदाताओं के बीच पहुंचे

श्री ठाकुर ने बताया कि वे निगम क्षेत्र में सिटी बस की तर्ज पर स्थानीय आटो चालकों द्वारा महिलाओं एवं निःशक्त हेतु निःशुल्क आटो आवागमन हेतु हर वार्ड में व्यवस्था, मूलभूत सुविधाएं, सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल, सार्वजनिक शौचालय, सफाई व्यवस्था, धूलमुक्त शहर, महानगर पालिका की तर्ज पर बाजार क्षेत्र में मल्टी प्लैक्स पार्किंग सुविधा विकसित करने, पटरीपार के वार्डों को टेंकर मुक्त कर घर-घर में नल के माध्यम से जल प्रदाय, वार्ड और घर में ही समस्याओं का निराकरण करने पहल, दिव्यांगजनों व वृद्धजनों के वेल फेयर के लिए विशेष योजना बनाकर कार्य करने, घुमंतू आवारा पशुओं के लिए व्यवस्थित इंतजाम किए जाने, निःशुल्क एम्बुलेंस व्यवस्था, ट्रैफिक सिग्नल वाले स्थान पर शेड की व्यवस्था, प्रदूषण मुक्त करने वृक्ष लगाने एवं संरक्षण करने वालों को पुरस्कृत करने, रैन बसेरों का विस्तार, निगम को भ्रष्टाचार मुक्त करने, खेल मैदानों को सुविधाजनक व व्यवस्थित करने, निःशुल्क शव वाहन उपलब्ध कराने के मुद्दों को लेकर पहुंच रहे हैं। जनता से बेहतर प्रतिसाद व आशीर्वाद मिल रहा है।

### यादव का दौरा कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** भाजपा महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव कल 8 फरवरी को सुबह 11 बजे वार्ड नं. 44 कौरिनभाठा वार्ड एवं वार्ड नं. 45 रामकृष्ण वार्ड सृष्टि कॉलोनी में जनसंपर्क करेंगे। इसके पश्चात जनसंपर्क रैली में शामिल होंगे। जनसंपर्क रैली के पश्चात श्री यादव रात्रि 7 बजे वार्ड नं. 9 शंकरपुर तथा वार्ड नं. 10 महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड शंकरपुर-शांतिनगर में घर-घर जाकर कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांगेंगे। इस दौरान पार्षद प्रत्याशी एवं पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## शैंकी का सघन जनसंपर्क, मतदाताओं से हो रहे रुबरु

**राजनांदगांव।** वार्ड क्रमांक 24 शीतला माता वार्ड जमातपारा क्षेत्र के भाजपा पार्षद प्रत्याशी शैंकी बग्गा का वार्ड में तूफानी जनसंपर्क जारी है। वे मतदाताओं से रूबरू मिलकर आशीर्वाद मांग रहे हैं। उनके लिए महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव , पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित वरिष्ठ नेताओं ने भी वार्ड में सघन संपर्क किया। वार्ड क्रमांक 24 में प्रचार-प्रसार ने जोर पकड़ लिया है। भाजपा पार्षद प्रत्याशी शैंकी बग्गा लगातार जनसंपर्क जारी रखे हुए हैं। उनके साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का सतत रूप से मतदाओं से मिलने का क्रम जारी है। बाजे-गाजे और हार-फूल के साथ शैंकी सुबह से शाम तक वार्ड में लगातार मतदाताओं से मिलकर घर-घर दस्तक देकर चुनाव में आशीर्वाद मांग रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने भी उनके पक्ष में सभा और जनसंपर्क किया। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्ड के लोगों की उपस्थिति रही। वार्ड में होर्डिंग्स, बैनर-पोस्टर व झंडों की भरमार है।



## जैनम कर रहे मतदाताओं से सतत संपर्क

**राजनांदगांव।** वार्ड क्रमांक 37 महावीर वार्ड के भाजपा पार्षद प्रत्याशी जैनम बैद के पक्ष में भाजपा कार्यकर्ता सुबह से देर शाम तक बाजे-गाजे के साथ जनसपर्क अभियान में जुटे हुए हैं और आशीर्वाद मांग रहे हैं। महावीर वार्ड के युवा भाजपा पार्षद प्रत्याशी जैनम बैद का वार्ड में तूफानी जनसंपर्क अभियान सुबह से देर शाम तक जारी है। घर-घर दस्तक देकर वे मतदाताओं से आशीर्वाद मांग रहे हैं। सदर बाजार, आजाद चौक, गंज लाइन सहित वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार उनकी सक्रियता बनी हुई है। पूर्व में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने उनके पक्ष में कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक लोगों की बैठक भी ली।



भाजपा के वरिष्ठ युवा नेता नीलू शर्मा ने भी घर-घर दस्तक देकर जैनम बैद का प्रचार-प्रसार किया। उक्त वार्ड में झंडा, बैनर-पोस्टर व पाम्प्लेट के माध्यम से भी मतदाताओं तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

## वर्षा शरद सिन्हा का घर-घर दस्तक

**राजनांदगांव।** वार्ड क्रमांक 25 सूर्यमुखी गुडाखू लाइन क्षेत्र में भाजपा पार्षद प्रत्याशी श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा वार्ड में सक्रिय रूप से घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं से संपर्क करने जुटे हुए हैं। वहीं वार्ड में बाजे-गाजे के साथ जुलूस निकालकर भी मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं।



नगर निगम चुनाव में वार्ड क्रमांक 25 सूर्यमुखी गुडाखू लाइन क्षेत्र से भाजपा की पार्षद प्रत्याशी श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा का लगातार प्रचार-प्रसार जारी है। पूर्व में उनके चुनावी कार्यालय का उदघाटन किया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं की उपस्थिति रही।

महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यदव के साथ क्षेत्र में बाजे-गाजे के साथ जुलूस निकालकर मतदाताओं से आशीर्वाद लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति रही। इधर सुबह से लेकर शाम तक घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं से सीधे जनसंपर्क करने जुटी हुई है। उनके साथ भाजपा कार्यकर्ता और समर्थकों द्वारा भी क्षेत्र में सघन जनसंपर्क किया जा रहा है।

## पार्वती निषाद का वार्ड में सघन जनसंपर्क

**राजनांदगांव।** नगर निगम के पार्षद चुनाव के लिए वार्ड क्रमांक 5 चिखली से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पार्वती निषाद चुनाव मैदान में ब्लेक बोर्ड चुनाव चिन्ह लेकर उतरी है। जिनका वार्ड में लगातार मतदाताओं से संपर्क एवं मेल-मुलाकात बना हुआ है।



चिखली वार्ड क्रमांक 5 निर्दलीय प्रत्याशी पार्वती निषाद वार्ड में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित वार्ड में निरंतर विकास कार्य कराने का वादा करते वार्ड में जनसंपर्क कर रही है। शीतला माता मंदिर, केवट पारा, साई नगर, देशमुख चाल, आदि क्षेत्र सहित वार्ड के विभिन्न स्थानो पर बाजे-गाजे के साथ एवं कार्यकर्ता और समर्थकों से साथ वे मतदाताओं को अपना चुनाव चिन्ह ब्लेक बोर्ड की जानकारी भी देकर आशीर्वाद मांग रही है प्रत्याशी निषाद द्वारा अपने प्रतिद्वंदियों को कडी टक्कर दे रही है। वार्ड में पोस्टर, बैनर एवं पाम्प्लेट के माध्यम से भी वे सतत रूप से घर-घर पहुंचकर चुनाव में अपने लिए समर्थन मांग रही है।



## खबर संक्षेप

### भोरमदेव अभ्यारण्य की वर्तमान स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं

**हरिभूमि कवर्धा।** हाल ही में भोरमदेव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित किए जाने से संबंधित समाचार प्रकाशित हुए हैं। इस संबंध में कवर्धा वनमण्डलाधिकारी से बातचीत में उन्होंने बताया कि वर्तमान में अभ्यारण्य की वैधानिक स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है और इसे टाइगर रिजर्व बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। भोरमदेव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित करने के लिए पहले भी प्रयास किए गए थे, लेकिन यह प्रस्ताव स्थानीय ग्रामीणों की सहमति के अभाव में पहले अस्वीकार हो चुका था।

हाल ही में सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव एवं वन मंत्री को पत्र लिखकर इस विषय पर पुनः कार्यवाही का अनुरोध किया गया था। इस परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वन विभाग से केवल अभिमत मांगा गया था। भोरमदेव अभ्यारण को टाइगर रिजर्व घोषित नही किया गया है। गौरतलब है कि वन विभाग और शासन स्थानीय समुदाय के हितों को प्राथमिकता देते हुए वन्य जीव और जैव विविधता के संरक्षण के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

**हादसा:** सड़क दुर्घटना में कोई हताहत नही

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नदी में गिरी, कार क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोंड़ी

शहर सहित क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहन चालक अपनी करतुतों से बाज नही आ रहे वहीं शासन प्रशासन द्वारा लगातार तेज रफ्तार वाहन न चलाने अभियान चलाकर समझाईस दी जा रही है। वहीं गुरुवार को पोंड़ी स्थित देर रात को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर मचकुंद नदी में रेलिंग नही होने के कारण अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गया। इसे गनीमत ही कहे कि तेज रफ्तार कार में सवार दो लोगों को मामूली चोटे आई है, वहीं लोगों ने घायलों को पोड़ी स्थित प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराकर प्राथमिक उपचार दिलाया गया। मिली जानकारी के अनुसार वेरना कार क्रमांक सीजी 09 जेएफ 5129 में दो लोग सवार होकर कवर्धा से पोंड़ी की ओर आ रहे थे। इस बीच तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर मचकुंद नदी में रेलिंग नहीं होने के कारण कार सीधे नीचे गिर गया। घटना की जानकारी ग्रामीणों को मिलते ही ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया वहीं क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से पुल से बाहर निकाला गया।

### नदी में रेलिंग नहीं होने के चलते दुर्घटना बढ़ी



ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पुल में रेलिंग नहीं होने के चलते आए दिन पुल के पास सड़क दुर्घटना होने की संभावना बना रहता है। इसके साथ ही कई दुर्घटनाएं होते रहता है, विगत कुछ महीने पहले भी इस पुल पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया था। जिसके बाद भी शासन प्रशाशन की आंख नहीं खुला और अब भी पुल बिना रेलिंग का है जिससे बड़े सड़क हादसा होने का डर बना रहता है।

#### पुल सकरा होने से आवागमन बाधित

ग्रामीण दीपेश साहू ने बताया कि पुल के ऊपर से गुजरते समय वाहन चालकों को आशंका बनी रहती है, पुल के दोनों तरफ रेलिंग नहीं होने के कारण सड़क हादसे का डर बना रहता है। इस मार्ग में सुबह से देर रात तक बड़ी-बड़ी गाड़िया का आवाजाही लगा रहता है, वहीं पुल सकरा होने के कारण बड़ी गाड़ियों को आवागमन बाधित तथा सामने कुछ दिखाई नहीं देता जिसके चलते कभी भी बड़ी दुर्घटनाएं घट सकता हैं। साथ ही साथ बरसात के दिनों में कई बार बाढ़ पुल के ऊपर से चलता है जिसके कारण मार्ग अवरुद्ध होता है।

**दीपेश साहू स्थानीय निवासी पोंड़ी**

#### सड़क हादसे को दे रहा बढ़ावा

स्थानीय निवासी ने बताया कि मचकुंद नदी की पुल सड़क हादसे को बढ़ावा दे रही है पुल सकरा होने के साथ-साथ कई वर्षो पूर्व पुराना होने के कारण भी भीषण सड़क हादसा होने के बाद विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने नए पुल निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि वाहन चालकों आवाजाही में सुविधा तथा राहत मिल सकें।

**टीएस अवस्थी स्थानीय निवासी पोंड़ी**



## बसंत पंचमी पर चिमरा स्कूल के विद्यार्थियों को कराया न्योता भोज

- ज्ञानात्मक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में मां सरस्वती का प्राकट्य दिवस बसंत पंचमी विद्यालय परिवार ने मां सरस्वती वंदना व दीप प्रज्जवलित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया।

प्रधान पाठक व शिक्षक विष्णु दत्त कौशिक ने जन्मोत्सव पर स्कूली छात्र छात्राओं को न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियो को पुलाव व छोले न्योता भोज में परोसा गया। वहीं अध्यनरत छः विषयों पर समूह विभाजन कर ज्ञानात्मक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता किया गया जिसमें छात्र छात्राओं को कक्षानुरूप दक्षता पूर्ण करने प्रेरित किया। शिक्षिका नीलिमा तिवारी ने भाषण प्रतियोगिता एवं दिलीप नागवंशी, शक्तिवन दास राय एवं मालती चंद्रवंशी ने केन्द्रीकृत परीक्षा की पूर्व तैयारी पर बहुविकल्पीय प्रश्नों का संग्रह कराकर क्वीज प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई।

शिक्षक विष्णु दत्त कौशिक ने बसंत पंचमी एवं स्वयं के जन्मदिन पर स्कूल में न्योता भोज का आयोजन कर पालकों को भी आमंत्रित किया गया। विद्यालय परिवार ने श्री कौशिक को शिक्षकीय कार्यस्थल में कीर्तिमान स्थापित करने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## भाजपा जो संकल्प करती है उसे पूरा करती है, मोदी की गारंटी और भाजपा का सुशासन इसका साक्ष्य है: तोखन साहू

- हमर संकल्प पत्र, जनता की आकांक्षाओं को पूरा कर क्षेत्र के समुचित विकास को देगा ट्रिपल इंजन की रफ्तार : भावना बोहरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर सहित क्षेत्र में 11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर शुक्रवार को पंडरिया में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पांडातराई व इंदौरी के लिए अलग-अलग संकल्प पत्र जारी किया। हमर संकल्प पत्र में पंडरिया नगर पालिका तथा नगर पंचायत पांडातराई व इंदौरी में जनता की बहुप्रतीक्षित मांग और क्षेत्र में अधोसंरचना विकास, महिलाओं को रोजगार, व्यापारियों, शिक्षा, स्ट्रीट वेंडर्स, सड़क, बिजली, पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं और प्रमुख घोषणाओं को उल्लेखित किया गया। वहीं केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि भाजपा केवल घोषणाएं नहीं करती, बल्कि संकल्प करती हैं और उस संकल्प को पूरी दृढ़ता से पूरा करती है। हमने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के विकास और जनता की सुविधाओं एवं सुरक्षा के लिए अटल संकल्प पत्र जारी किया है और आज पंडरिया नगर पालिका और नगर पंचायत पांडातराई एवं इंदौरी के लिए जारी किया गया, हमर संकल्प पत्र जन-आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ ही क्षेत्र के विकास को गति देने वाला है। विधायक श्रीमती बोहरा और सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में जनता की आकांक्षाओं को जाना, उसके अनुरूप इस संकल्प पत्र में उसे समाहित किया। 11 फरवरी को मतदान होने हैं और 15 फरवरी को ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनते ही अटल संकल्प पत्र एवं हमर संकल्प पत्र में की गई घोषणाएं जनहित के लिए जारी की जाएगी।



उन्होने कहा कि पंडरिया नगर में अधोसंरचना निर्माण, विकास कार्यों एवं नगरवासियों की मूलभूत सुविधाओं के लिए जारी हमर संकल्प पत्र में प्रमुख घोषणाएं की गई हैं। मोदी की गारंटी में किए अपने संकल्पों को जिस दृढ़ता से हम पूरा कर रहें हैं, निश्चित ही अटल संकल्प पत्र एवं पंडरिया नगर हेतु हमर संकल्प पत्र में किए अपने वादों को हम जन आशीर्वाद से अक्षरशः पूरा करेंगे और ट्रिपल इंजन की सरकार बनते ही इन संकल्पों को पूरा करेंगे। हमारा प्रमुख उद्देश्य केवल योजनाओं का निर्माण नहीं, बल्कि उन योजनाओं को साकार रूप में लागू कर, नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारना और क्षेत्र में अधोसंरचना व विकास कार्यो को गति देना है। अपने संकल्पों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर हम दृढ़ संकल्पित हैं। हमर संकल्प पत्र पांच वर्ष में कांग्रेस के अस्थिर और भ्रष्ट नगर सरकार की कुनीतियों व कुप्रबंधन को समाप्त कर हमारे नगर के विकास का प्रतिबिंब बनेगा। यह केवल घोषणा नही बल्कि जन-सुविधाओं तथा पंडरिया, पांडातराई और इंदौरी नगर के सर्वांगीण विकास के प्रति हमारा संकल्प है। इस अवसर पर भाजपा के समस्त कार्यकर्ता, पदाधिकारी, नगर के वरिष्ठजन, साहू समाज के प्रतिनिधि मंडल व सदस्यजन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थें।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रसार-प्रचार व दीवाल लेखन जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

शहर व क्षेत्र में नगरीय चुनाव तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर दीवार लेखन व प्रचार-प्रचार जोर-शोर से किया जा रहा है। वहीं बरबसपुर क्षेत्रांतर्गत मतदान केंद्र में दीवाल लेखन, शासकीय स्कूलों के दीवाल तथा शासन-प्रशासन व पेंटर द्वारा मतदान केंद्र अंकित किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मतदान केंद्र का नाम वार्डों की संख्या, मतदान केंद्र समय और कुल मतदाताओं की संख्या की जानकारी दीवाल लेखन के माध्यम से अंकित की जा रही है, ताकि मतदाताओं और प्रत्याशियों को सुविधा की जानकारी मिल सके।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## विनायक स्कूल में प्रतिभा सम्मान व वार्षिकोत्सव संपन्न




**हरिभूमि कवर्धा।** विनायक पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल कवर्धा में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती अदिति कश्यप (उन्नत तकनीक कृषक पुरस्कृत-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं राज्यपाल छत्तीसगढ़ से उत्कृष्ट कृषक कर्मठ पुरस्कार से सम्मानित एवं रूपेंद्र जायसवाल (सफल उद्यमी कृषक व जिलाध्यक्ष डड़सेना कलार सम्माज), नंदलाल चंद्राकर (जिलाध्यक्ष विहिप), भुनेश्वर चंद्राकर (जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा), सुरेश दुबे जिला मंत्री, डॉ भारती गुप्ता, स्कूल निदेशक डॉ नारायण साहू, श्रीमती लक्ष्मी साहू (अध्यक्ष) व अभिभावकों गण उपस्थित थें। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सभी अतिथियों का बुके, फूल-मालाओं एवं स्मृति चिन्ह देकर के आत्मीय स्वागत सम्मान किया गया, पश्चात स्कूल के प्राचार्य द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। स्कूल के निदेशक डॉ नारायण साहू ने वार्षिकोत्सव की बधाई एवं प्रतिभा से ओत-प्रोत स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं व एकेडमिक सभी स्टाफ को उत्कृष्ट प्रतिभाशाली गौरव सम्मान से सम्मानित किया। वहीं नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित किया, इस कार्यक्रम का मनमोहक आनंद लेते हुए सभी अभिभावकों ने इन बच्चों की प्रशंसा करते हुए कच्चे मिट्टी को, कुम्हार की भांति सुंदर व आकर्षक मूर्ति के स्वरूप में ढालने के इस अभूतपूर्व कार्यों तथा सराहनीय व सफल आयोजन के लिए स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यालय परिवार ने सराहना की।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट देखे 10 फरवरी के अंक में
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रिजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100
नियम व शर्तें लागू*
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**समस्या: स्वीकृति के बाद भी निर्माण कार्य नहीं होने से ग्रामीणों में असंतोष**

# चार किलो मीटर की सड़क नहीं, नाप रहे हैं 11 किलो मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान

विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ग्रामों की लाईफ लाईन कहे जाने वाले मार्गो की शासन प्रशासन द्वारा सुध नहीं लिए जाने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और किसानो को किस तरह की गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है इसकी एक बानगी विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल में साफ देखी जा सकती है। बताया जाता है कि विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ग्राम कोदवागोड़ान से गुढा की दूरी महज चार किलो मीटर की है लेकिन यह मार्ग आवागमन के लायक नहीं होने के कारण ग्रामीणों, स्कूली विद्यार्थियों और क्षेत्र के किसानो को करीब 11 किलो मीटर का रास्ता तय करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की माने तो महज चार किलो मीटर के इस मार्ग निर्माण की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा वर्षो से उठाई जा रही है। हाल ही में जब प्रदेश की मौजूदा भाजपा सरकार ने इस बात की घोषणा की थी कि कबीरधाम जिले के वनांचल के मार्गो को मुख्य मार्गो से जोड़ा जाएगा तो ग्राम गुड़ा के ग्रामीणों की उम्मीदें जगी थी और हुआ भी यही सरकार ने पंडरिया क्षेत्र के ग्राम कुल्ही से मुनमुनगाडीह, जामुनपानी से परेवा छापा, सरैहा से बदौरा तथा कोदवागोड़ान से गुढ़ा मार्ग निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी। क्षेत्रवासियों की माने तो पीडब्ल्यूडी विभाग के मार्फत स्वीकृत किए गए इन स्वीकृत मार्गो में से कुछ का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो चुका लेकिन जहां तक कोदवागोड़ान से गुढा मार्ग की बात की जाए तो यहां अभी तक कोई कार्य शुरू नहीं किया गया है। जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी निराशा और असंतोष देखने को मिल रहा है।


फाईल फोटो

### स्कूली बच्चे भुगत रहे हैं खस्ताहाल सड़कों का दंश

ग्रामीणों ने कोदवागोड़ान-गुढा मार्ग की स्थिति को देखते हुए बताया कि इसका सबसे ज्यादा खामियाजा क्षेत्र के स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कोदवागोड़ान में हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित है जहां क्षेत्र के विद्यार्थी बड़ी संख्या में पढ़ने लिखने जाते हैं। लेकिन सड़क नहीं होने के कारण इन विद्यार्थियों को चार किलो मीटर के बजाए 11 किलो मीटर की दूरी नापनी पड़ रही है जो इन बच्चों के लिए बेहद लकलीफ देय है। इसके अलावा कोदवागोड़ान में साप्ताहिक बाजार भी भरता है जिसमें पूरे क्षेत्र के ग्रामीण और व्यापारी पहुंचते हैं उन्हें भी सड़क के आभाव में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मार्ग का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन की बेतहर सुविधा मिल सके।

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी को दो पाली में होगी




■ जिले में 09 परीक्षा केन्द्र, 3 हजार 384 प्रतिभागी होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 09 फरवरी 2025 को दो पाली में आयोजित होगा। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 03 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई है।

जिले में 09 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए है। इनमें 3 हजार 384 प्रतिभागी शामिल होंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक लेकर अधिकारियों को तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी केन्द्रो पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा संचालन और उम्मीदवारों के लिए सभी सुविधाओं का समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

डिप्टी कलेक्टर व नोडल अधिकारी आरबी देवांगन ने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और संबंधित अधिकारियों को समुचित प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा कहा कि सभी 9 परीक्षा केन्द्रो पर सभी व्यवस्थाएं उचित तरीके से हों। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश और बाहर निकलने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश होंगे, ताकि छात्रों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही, परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को भी कड़ा किया जाएगा, ताकि परीक्षा का माहौल शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बना रहे। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इस प्रशिक्षण में परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, व्यवस्थाएं और परीक्षा की निगरानी से जुड़ी हर छोटी-छोटी बातों का खास ध्यान रखा गया है।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किसी भी प्रकार की आपात स्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार रहें और सभी प्रतिभागियों को बिना किसी रुकावट के परीक्षा देने का अवसर मिले। डिप्टी कलेक्टर व नोडल अधिकारी आरबी देवांगन ने बताया कि जिले में 9 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है। इसमें पीजी कॉलेज कवर्धा, स्वामी करपात्री जी शासकीय हाई स्कूल कवर्धा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दुर्गावती चौक, कन्या महाविद्यालय कवर्धा, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल लोहारा रोड़ कवर्धा, अभ्युदय स्कूल सरोदा केनाल रोड़ कवर्धा, संत कबीर कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन कवर्धा, अशोका पब्लिक स्कूल छिरहा, रायपुर रोड़ कवर्धा और शासकीय स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल बस स्टैड के पास को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## खबर संक्षेप

### रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक

**कवर्धा।** वनांचल के शासकीय हाई स्कूल बैरख में मतदाता दिवस मनाया गया। जन जागरूकता रैली में आदिवासी बालक आश्रम, माध्यमिक विद्यालय, हाई स्कूल बैरख सम्मिलित थे। जन जागरूकता रैली में चुनई तिहार मनाबो, वोट दे बर जाबो नारे के साथ लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। हर एक व्यक्ति को देश हित में मतदान में भाग ले कर देश के विकास में सहभागी होना चाहिए।

### विवि ने सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इसमें एमए भूगोल प्रथम सेमेस्टर, एमलिब प्रथम सेमेस्टर, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी तृतीय सेमेस्टर, एमएससी माइक्रो बायोलॉजी प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, एमए मनोविज्ञान प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, शामिल है। परीक्षा परिणाम विवि की वेबसाइट पर है।

### मोहतरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कवर्धा।** जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंडरिया विकासखंड में शुक्रवार को मोहतरा के सिद्धार्थ राईस मिल में एक विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 23 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें टीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य जागरूकता और निक्षय निरामय अभियान की विस्तृत जानकारी दी। निक्षय निरामय अभियान का उद्देश्य और महत्व निक्षय निरामय अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी और कुष्ट जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से समाप्त करना है।

# जिपं क्षेत्र क्र.11 से भाजपा खेमे के दो उम्मीदवार आमने सामने

## भाजपा के दिनेश चन्द्रवंशी और वीरेन्द्र साहू आमने सामने







हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले की नगर पालिका से लेकर नगर पंचायत और ग्राम पंचायत से लेकर जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत क्षेत्र इस समय चुनावीरण में तब्दील हो गया है। इस चुनावीरण में उतरा हर महारथी अपने विरोधियों को मात देने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहा है। लेकिन इस चुनावी महासंग्राम के बीच जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 में एक ऐसी भी मुकाबला देखने को मिल रहा है। जिसमें एक ही पार्टी के दो प्रत्याशी एक दूसरे के विरोध में चुनावीरण में ताल ठोंक रहे हैं। दरअसल जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 की अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त के लिए आरक्षित सीट से इस बार भाजपा ने अपना कोई अधिकृत प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। जिसके चलते यहां भाजपा खेमे से ही करीब आधा दर्जन से अधिक जाने माने चेहरों ने अपना नामांकन दाखिल किया था। लेकिन नामांकन वापसी की अंतिम तिथि को कई भाजपा खेमे के उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस ले लिया पर भाजपा के ही दिनेश चन्द्रवंशी तथा वीरेन्द्र साहू ने अपना नाम वापस नहीं लिया और अब दोनो ही इस चुनावीरण में एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोंककर रहे हैं। वैसे जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से दिनेश चन्द्रवंशी के अलावा अन्य प्रत्याशियों में भुनेश्वर कौशिक, कमला निषाद, किरण टुम्मन साहू, शिवप्रसाद साहू, टुकेश्वर साहू भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। लेकिन क्षेत्रवासियों की माने तो रोचक मुकाबला भाजपा खेमे के उम्मीदवार दिनेश चन्द्रवंशी और वीरेन्द्र साहू के बीच ही देखने को मिलेगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि दोनो ही प्रत्याशी युवा हैं और काफी लम्बे समय से भाजपा में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। लेकिन संभवतः इन्होने भी कभी नहीं सोचा होगा कि उन्हें इस तरह से चुनावीरण में एक दूसरे के सामने ताल ठोंकनी पड़ेगी। बहरहाल जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक के अन्य प्रत्याशियों ने भी नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने और चुनाव चिन्ह आबंटित होने के बाद अपना-अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। देखने वाली बात होगी कि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से चुनावीरण में उतरे कुल सात महारथियों में कौन बाजी मारता है।

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा आज करें नुक्कड़ सभा



**कवर्धा।** भारतीय जनता पार्टी अब और अधिक ताकत के साथ मतदाताओं के बीच पहुँचने के लिए अपने स्टार प्रचारकों के साथ चुनावी मैदान में जाने की तैयारी में है । इसी कड़ी में शनिवार को स्थानीय विधायक एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा 4 से 5 नुक्कड़ सभा को संबोधित कर आम लोगो से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन मांगेंगे। इस दौरान पूरा दिन वे कवर्धा शहर में उपलब्ध रहेंगे और आम जन मानस के साथ जनसम्पर्क और सभा कर लोगो के बीच जायेंगे। वही पूर्व सांसद एवं पूर्व कवर्धा जिला भाजपा प्रभारी लखन लाल साहू भी एक दिवसीय प्रवास पर कवर्धा में रहेंगे। वे भी कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में बैठक ,सभा एवं जनसम्पर्क कर भाजपा नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी एवं पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगे। यहां बताना लाजिमी होगा कि भाजपा द्वारा नगरीय निकाय के चुनावी दंगल में लगातार अपने आला नेताओं को उतारा जा रहा है। इससे पूर्व भी कवर्धा में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, तोखन साहू तथा क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा की जा चुकी है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनो में भाजपा के कई और आला नेता चुनावी दंगल में प्रचार के लिए उतर सकते हैं।

# स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के आगमन को लेकर आदित्यवाहिनी के सदस्यों ने घर-घर दिया आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



हिंदू राष्ट्र अभियान के अंतर्गत जगद्गुरु शंकराचार्य का आगमन 12 फरवरी को 9 वर्षों पश्चात कवर्धा में होने जा रहा है। आदित्यवाहिनी जिलाध्यक्ष आशीष दुबे ने बताया की भारत राष्ट्र को हिन्दु राष्ट्र बनाने के लिए विशाल धर्मसभा का अयोजन आदित्यवाहिनी के तत्वावधान में 13 एवं 14 फरवरी को कवर्धा के सरदार पटेल मैदान में दोपहर 3.30 बजे आयोजित किया जावेगा। श्रीमद्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वती महाभाग के मुखारविंद दिव्य प्रवचन के माध्यम से अधिक से अधिक श्रद्धालुजन लाभान्वित हो सकें इसके लिए आदित्यवाहिनी इकाई कवर्धा के सदस्यों द्वारा डोर टू डोर संपर्क कर लोगों को इस दिव्य कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया जा रहा हैं। प्रचार प्रसार के प्रारंभिक दौर में ठाकुर पारा, गुप्ता पारा, कबीर पारा, देवांगन पारा, पाली पारा, राम नगर, कैलाश नगर एवं इत्यादि मुहल्ले में संपर्क अभियान चलाया गया। संपर्क में आदित्यवाहिनी के बृजभूषण वर्मा, नंदू सिंह, अंकुश विश्वकर्मा, गोपाल, सत्यनारायण, टिकेश, पोखराज, दुर्गेश, शिवभजन, कौशल, मोनू सिंह, सार्थक श्रीवास्तव, होमेंद्र शर्मा, अखिलेश देवांगन, गणेश देवांगन, कोमल सिंह, कुलेश्वर सिंह, समीर बक्शी आदि उपस्थित थे।

# नगर निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मतदान तिथियों पर सार्वजनिक अवकाश घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगर निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के मद्देनजर संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के दिन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले में नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का मतदान निर्धारित तिथियों पर संपन्न होगा। इसके तहत नगरपालिका परिषद कवर्धा एवं पंडरिया तथा नगर पंचायत पांडातराई, पिपरिया, इंदौरी, बोड़ला और सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष एवं पार्षद पदों के लिए मतदान 11 फरवरी 2025 (मंगलवार) को होगा। इस दौरान नगर निकायों में मतदान का समय सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच पदों के लिए मतदान जनपद पंचायत क्षेत्र कवर्धा एवं सहसपुर लोहारा में 17 फरवरी (सोमवार) को तथा जनपद पंचायत क्षेत्र बोड़ला एवं पंडरिया में 20 फरवरी (गुरुवार) को संपन्न होगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। राज्य शासन ने भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अधिसूचना के साथ पढ़े गए परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट), 1881 की धारा 25 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन निर्वाचन तिथियों पर संबंधित क्षेत्रों में स्थित सभी शासकीय संस्थानों एवं कार्यालयों के लिए सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया है।

# 10.940 किलो गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



चिल्फी पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10.940 किलो ग्राम गांजा, एक टीव्हीएस स्टार सिटी मोटर साइकिल एवं दो मोबाइल सहित कुल 1,70,000 का माल जप्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 06 फरवरी को थाना चिल्फी पुलिस को मुखिबर से सूचना मिली थी कि एक काले-नीले रंग की टीव्हीएस मोटर साइकिल में दो व्यक्ति गांजा लेकर जबलपुर की ओर जा रहे हैं। इस सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा थाना प्रभारी चिल्फी को त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। एनएच-30 आबकारी चेक पोस्ट के पास पुलिस टीम ने बैरिकेडिंग कर वाहनों की सघन चेकिंग शुरू की। जांच के दौरान मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए के दो संदिग्ध व्यक्ति टीव्हीएस मोटर साइकिल से आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोककर पूछताछ की। जिस पर उन्होंने अपना नाम शाहिद शा पिता महबूब शा आयु 34 वर्ष निवासी रामनगर पाठक वार्ड, न र सिं ह पु र मध्यप्रदेश तथा मोनिश खान पिता रियाज खान आयु 21 वर्ष निवासी ग्राम छिंडी तामिया, छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश बताया। पुलिस ने तलाश के दौरान आरोपियों के पास से हरे रंग के बैग में दो पैकेट में टेप से लिपटा हुआ 10.940 किलो ग्राम मादक पदार्थ (गांजा) बरामद किया। पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

**जनपद सदस्य के 2, सरपंच के 9 और पंच पद के लिए 2612 निर्विरोध निर्वाचित**

# जिले में 2623 जनपद सदस्य, सरपंच और पंच निर्विरोध निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत 2623 जनपद सदस्य , सरपंच और पंच पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है। जिसमें जनपद सदस्य के 02, सरपंच के 09 और पंच पद के लिए 2612 शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने निर्विरोध निर्वाचन को लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती और समन्वय की मिसाल बताते हुए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि निर्विरोध निर्वाचन से पंचायतों में आपसी सहयोग और सौहार्द्र का परिचय मिलता है। साथ ही, उन्होंने आमजन से अपील की कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और समृद्ध एवं सशक्त पंचायत प्रणाली के निर्माण में योगदान दें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने बताया कि कि जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत 773 जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है। जिसमें जनपद सदस्य के 01, सरपंच के 03 और पंच पद के लिए 769 है। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा अंतर्गत 819 जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है। जिसमें जनपद सदस्य के 01, सरपंच के 03 और पंच पद के लिए 815 है। जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत 1031 जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ है। जिसमें सरपंच के 03 और पंच पद के लिए 1028 है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में दो या दो से अधिक अभ्यर्थी नि र्वि रो ध निर्वाचन की स्थिति 2046 स्थान पर है। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 14 पद पर सविरोध निर्वाचन होगा। जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत कुल 764 पद, जनपद सदस्य के 25, सरपंच के 102 और पंच पद के लिए 637 है। जनपद पंचायत सहसपुर अंतर्गत कुल 575 पद इनमें जनपद सदस्य के 24, सरपंच के 93 और पंच पद के लिए 458 है। जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत कुल 693 पद इनमें जनपद सदस्य के 25, सरपंच के 119 और पंच पद के लिए 549 है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत झलमला और ग्राम पंचायत चचेड़ी में सरपंच सहित सभी पंच निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं, जबकि ग्राम पंचायत नवघटा में सरपंच पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। निर्विरोध निर्वाचित जनप्रतिनिधियों में जनपद पंचायत क्षेत्र कोठार से गणेश तिवारी जनपद सदस्य निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा, ग्राम पंचायत चचेड़ी से श्रीमती पल्लवी राघवेन्द्र तिवारी, ग्राम पंचायत नवघटा से श्रीमती रामेश्वरी बघेल और ग्राम पंचायत झलमला से ओपी चन्द्रवंशी सरपंच पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जनपद पंचायत कवर्धा के अंतर्गत कुल 1408 वार्डों में से 769 वार्डों में पंच निर्विरोध चुने गए हैं।




## बिजनेस

### रॉयल एनफील्ड के डीलर सिक्स्थ गियर को राडा एक्सपो में मिल रहा जबरदस्त रिस्पांस




**रायपुर/कवर्धा।** रायपुर स्थित साइंस कॉलेज मैदान में चल रहे राडा ऑटो एक्सपो में रॉयल एनफील्ड के छत्तीसगढ़ के अधिकृत डीलर सिक्स्थ गियर की दो बाइक **GAON** 350 और **SCARM** 411 का नया मॉडल लॉन्च किया गया । सिक्स्थ गियर शोरूम के संचालक श्री अंकित जैन ने बताया कि एक्सपो में 15 फरवरी तक रॉयल एनफील्ड की सभी गाड़ियों में छत्तीगढ़ सरकार द्वारा 50% आरटीओ की छूट के ऑफर के साथ शोरूम द्वारा 6000 से 16000 तक का फायदा भी ग्राहकों को दिया जा रहा है । हाल ही में लांच हुई दोनों बाइकों को नई जनरेशन के लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है और इस राडा एक्सपो में हमारे स्टॉल को काफी अच्छा रिस्पांस भी मिल रहा है । अंकित ने आगे बताया कि सिक्स्थ गियर छत्तीसगढ़ में रॉयल एनफील्ड की सबसे बड़ी रिटेल चेन है जिसका छत्तीसगढ़ में 4 शोरूम है, जिसमें रायपुर, राजिम, बलौदाबाजार एवं कवर्धा में स्थित है जहां रॉयल एनफील्ड की बाइक मात्र 1888 प्रति लाख की ईएमआई एवं अनेकों फायदे के साथ और न्यूनतम ब्याज दर से फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है । इसके अलावा सैनिक और अर्ध सैनिक बल के लिए कैंटीन सुविधा पर बाइक उपलब्ध कराई जाती है पुलिस, रेलवे पुलिस, सीआरपीएफ वालों को एक निश्चित छूट भी दी जाती है और यही नहीं सिक्स गियर के सभी शोरूमों में सिर्फ बाइक ही नहीं बल्कि रॉयल एनफील्ड की जैकेट, हेलमेट, सभी प्रकार की एसेसरीज, स्पेयर पार्ट्स एवं कंप्लीट सर्विस की सुविधा भी उपलब्ध है। बिजनेश प्लस